# रिविजन टेस्ट
## विषय – हिन्दी
## कक्षा – 9वीं
## सत्र – 2020-21

पूर्णांक–80

**नोटः–**

सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उनके सम्मुख अंकित है–

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्र01 – सही विकल्प चुनकर लिखिए– **05**

1. "दो बैलों की कथा" किस लड़ाई की ओर संकेत करती है–
   (अ) पानीपत की लड़ाई (ब) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की
   (स) कारगिल का युद्ध (द) इनमें से कोई नहीं
2. " बछिया के ताऊ " मुहावरे का अर्थ है–
   (अ) कोल्हू का बैल (ब) अधिक परिश्रमी।
   (स) मूर्ख व्यक्ति। (द) विद्वान व्यक्ति।
3. मंदिर में कितनी पोथी रखी गई थी।
   (अ) 101 (ब) 102 (स) 103 (द) 104
4. वाक्य के मुख्य अंग होते है –
   (अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पाँच
5. "कालिंदी कूल कदंब की डारन "में अलंकार है–
   (अ) यमक (ब) श्लेष (स) उत्प्रेक्षा (द) अनुप्रास।

प्र02 चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये – 05

1. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के ................. प्रकार होते हैं। (सात/आठ)
2. नवरत्न में .................. समास है। (द्विगु/द्वंद)
3. संगोष्ठि में ................. उपसर्ग होगा। (सम/सम्)
4. ' भरिया ' का अभिप्राय ................... होतो हैं। (भरना/भार वाहक)
5. ' वाख 'में घर .................. का प्रतीक हैं। (आत्मा/परआत्मा)

प्र03 सही जोड़ी का मिलान कीजिए :– 05

| "क" | "ख" |
|---|---|
| (अ) गधे में गुणों की पराकाष्ठा है – | पक्ष-विपक्ष |
| (ब) डाँड़ा थोड़ला की ऊँचाई है | स्वभाविक रूप से कमजोर |
| (स) पखा–पखी | राम धारी सिंह दिनकर |
| (द) कच्चे सकोरे | ऋषि मुनियों सी |
| (इ) सूरज का ब्याह | सोलह सत्रह हजार फीट |

प्र04 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – 05

1. ' मुरति मधुर मनोहर देखी, भयेउ विदेह-विदेह विसेखी ' में कौन-सा अलंकार है?
2. कोई दो महाकाव्य तथा महाकाव्यकारों के नाम लिखिये ?
3. मिज़बान कहानी किस लोकभाषा में लिखी गई हैं ?
4. कवि रसखान पत्थर के रूप में किसका अंश बनना चाहते है ?
5. "निरापद संहिष्णुता " का अर्थ स्पष्ट कीजिए ?

प्र05 कांजी हौस क्या है ? उसमें बंद जानवरों का जीवन किसने तथा कैंसे बचाया ? 02

अथवा

डाँड़े क्या है ? 'ल्हासा की ओर ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

प्र06 'प्रेमी को प्रेमी मिलै, सब विष अमृत होई ' काव्यांश में विष और अमृत किसका प्रतीक हैं। 02

अथवा

ललद्यद ने ईश्वर का वास कहाँ बनाया है? वाख के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्र07 रेखांकित शब्द की जगह एक जैसे अर्थ वाला शब्द लिखकर वाक्य पूरा करें। 02

कल मेरे मित्र ने मेरी सहायता की। ........................................ ।

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

अथवा

दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगाकर सार्थक वाक्य बनाएँ ।

मेले है मुझे में घूमना लगता अच्छा। ............................................................ ।

प्र08 गुरूत्वाकर्षण से आप क्या समझते है ? 02

अथवा

दूषित जल से स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता हैं ? लिखिए

प्र09 निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए

(1) जल (2) बादल (3) सूर्य (4) हवा 02

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए–

(1) झूठ बोलने वाले को कोई प्यार करता है। (निषेधात्मक वाक्य)

(2) माँ ने बच्चे को नहलाया और स्कूल भेंजा। (प्रश्नवाचक वाक्य)

प्र010 निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त मूलशब्द एवं उससे जुड़े उपसर्ग अलग-अलग लिखिये–

(1) उच्चारण (2) सद्धर्म ( 3) संगम (4) चिरायु 02

अथवा

निम्नलिखित मूल शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय लिखिये–

(1) दौड़ना (2) परिचायक (3) गरीबी (4) मुखड़ा

प्र011 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग करिए। 02

(1) फूला न समाना (2) खून पसीना एक करना।

अथवा

शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए–

(1) निरन्तर चलने वाला।

(2) जो पुरूषों में उत्तम हो।

प्र012 वह वाक्य चुनें जिसका अर्थ दिए गए वाक्य के समान है – 02

मैंने पहले कभी यह फिल्म नहीं देखी थी।

(क) आज मंनै` यह फिल्म पहली बार देखी। (ख) मैंने यह फिल्म कछु समय पहले देखी।

(ग) मैंने यह फिल्म इससे पहले केवल एक बार देखी। (घ) यहाँ आने से पहले मैंने यह फिल्म देखी।

अथवा

दिए गए विकल्पों में से उचित विराम चिन्ह चुनकर लिखें ।

मुझे बहुत कुछ करना है क्या तुम मेरी मदद करोगें। ( ? । , ! – )

प्र013 निम्नलिखित शब्दों का उपयोग करते हुए एक कहानी लिखिए।

काकी, हलवा, व्यंजन, बूढ़ी, कचौरी, मेहमान, गाँव, शादी। 03

प्र014 'पानी के महत्त्व' अथवा ' त्यौहारों का महत्व शीर्षक पर अनुच्छेद लिखिए। 03

प्र015 दो मित्रों के बीच संवाद लिखिये। 03

अथवा

बुखार से पीड़ित रोगी और डॉक्टर का संवाद लिखिए।

प्र016 घर में जो काम आप अक्सर करते हैं , उसके बारे में दो वाक्य लिखें – 04

प्र017 प्रेमचंद जी अथवा राहुन सांकृत्यायन जी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिये– 04

(1) प्रमुख रचनाएँ (कोई–2)

(2) भाषा एवं शैली

(3) साहित्य में स्थान।

प्र018 निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिये। 04

" ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होई।
सुबरन कलस सुरा भरा ,साधू निंदा सोई ।।

अथवा

थल-थल में बसता है शिव ही,
भेद न कर क्या हिन्दू-मुसलमां।
ज्ञानी है तो स्वयं को जान,
वही है साहिब से पहचान।।

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

प्र019 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – 04

झूरह काछी के दोनों बैलों के नाम थे – हीरा और मोती। दोनों पछाई के थे देखने में सुंदर , काम में चौकस, डील में ऊँचे बहुत दिनों साथ रहते-रहते दोनों में भाई-चारा हो गया था। दोनों आमने-सामने बैठे हुए एक दूसरे से मूल भाषा में विचार-विनिमय करते थे। एक-दसरे की बात कैसे समझ जाने थे हम नहीं कह सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुण शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है। दोनों एक-दूसरे को चाटकर-सूँधकर अपना प्रेम प्रकट करने कभी-कभी दोनों सींग भी मिला लेते, विग्रह के नाते से नहीं केवल विनोद के भाव से, आत्मीयता के भाव से, जैंसे दोस्तो में घनिष्ठता होने ही धौल-धप्पा होने लगना है। इसके बिना दोस्ती कुछ फुसफुसी, कुछ हल्की-सी रहती है, जिस पर ज्यादा विश्वास नहीं किया जा सकता।

अथवा

परित्यक्त चीनी किले से जब हम चलने लगे, तो ण्क आदमी राहदारी माँगने आया हमने वह दोनों चिटें उसे दे दीं। शायद उसी दिन हम थोइला के पहले के आखिरी गाँव में पहुँच गए। यहाँ भी सुमति के जान पहचान के आदमी थे और भिख मंगे रीते भी ठहरने अच्छी जगह मिली। पाँच साल बाद हम इसी रास्ते लौटे थे और भिखमंगे नहीं एक भद्र यात्री के वेश में घोड़ा पर सवार होकर आए थे, किंतु उस वक्त किसी ने हमें रहने के लिए जगह नहीं दी, और हम गाँव के एक सबसे गरीब झोपड़े में ठहरे थे।

प्र020 आपका नाम रमेश है और आप केन्द्रीय विद्यालय भोपाल के छात्र हैं। आपके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। अतः आप शुल्क मुक्ति (फीस माफ) के लिए अपने विद्यालय की प्राचार्य को पत्र लिखिये।

अथवा 05

अपने मित्र को प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पत्र लिखिये।

प्र021 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 05

"मनुष्य का जीवन बहुत संघर्षमय होता है। उसे पग. पग पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फिर भी ईश्वर द्वारा जो मनुष्य रूपी वरदान इस पृथ्वी पर हुआ है, मानों धरती का रूप ही बदल गया है। यह संसार कर्म करने वाले मनुष्यों क आधार पर टिका हुआ है। देवता भी उनसे ईर्ष्या करने है। मनुष्य का जीवन कर्म.बल के कारण श्रेष्ठ है। धन्य है मनुष्य का जीवन। "

प्र(1) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ?

प्र(1) मनुष्य किस कारण श्रेष्ठ माना गया है ?

प्र(3) यह संसार किस आधार पर टिका है ?

प्र(4) देवता किससे ईर्ष्या करते है ?

प्र(5) इस पृथ्वी पर ईश्वर प्रदत्त वरदान क्या है ?

प्र022 **(अ)** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिये। 06

(1) बाल श्रम के कारण

(2) कोविड–19 समस्या और समाधान

(3) विज्ञान कि चमत्कार

(4) जल संरक्षण

(ब) किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए– 03

(1) मेरा प्रिय मित्र

(2) वृक्ष हमारे मित्र

————**XXXX**————

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website